RPET– 2011

BOARD OF TECHNICAL EDUCATION, RAJASTHAN, JODHPUR

Web Sites : http:\\techedu.rajasthan.gov.in

आर्किटेक्चर के अभ्यर्थियों हेतु आवश्यक सूचना

Option Form (विकल्प पत्र) के आधार पर आवंटित संस्थान में रिपोर्ट नही करने के कारण रिक्त (Drop Out) रहने वाले स्थानो पर प्रवेश (Upward Movement) हेतु दिशा निर्देश

आर्कीटेक्चर के अभ्यर्थियों से Upward Movement के लिए सहमति पत्र आमांत्रित किये जाते है। इस प्रक्रिया में केवल निम्न अभ्यर्थी ही पात्र होगे–

1. जिन अभ्यर्थियों को विकल्प पत्र के आधार पर मेरिट के अनुसार संस्थान मे सीट आंवटित हो चुकी है तथा जिन्होने आंवटित संस्थान में रिपोर्ट कर दी है।
2. जिन अभ्यर्थियों को पूर्व में भरे गये विकल्प पत्र के अनुसार आंवटन नही मिल पाया (Choice Exhausted) है।

नोट – जिन अभ्यर्थियों ने आवंटित संस्थान में रिपोर्ट नहीं किया है उन्हें इस प्रक्रिया में सम्मिलित नही किया जायेगा ।

प्रक्रिया :

1. उपरोक्तानुसार पात्र अभ्यर्थियों को एक सहमति पत्र (प्रारूप वेब साइट पर उपलब्ध) भरकर दिनांक 17.08.2011 तक नीचे वर्णित किसी भी नोडल सेन्टर पर जमा करवाना होगा। जिन अभ्यर्थियों को संस्थान आंवटित हो चुकी है उन्हे सहमति पत्र के साथ संस्थान में जमा कराई गई शुल्क की रसीद की फोटोकॉपी आवश्यक रूप से लगानी होगी।

2. जिन अभ्यर्थियों ने सहमति पत्र भरा है उनकी वर्तमान सीट भी Dropout में सम्मिलित कर ली जावेगी। अभ्यर्थी द्वारा पूर्व में दिये गये विकल्प पत्र एवं मेरिट के अनुसार शिफ्टिंग पश्चात किसी भी उच्च विकल्प पर आवंटन हो सकता है। इस प्रकार पुनः आवंटन के पश्चात अभ्यर्थियो को नई आंवटित ब्राचं / संस्थान में रिपोर्ट करना आवश्यक होगा तथा पूर्व आंवटन स्वतः रद्द हो जायेगा। Upward Movement प्रक्रिया में नई संस्थान/ब्रांच आवंटित न होने पर ही पूर्व आवंटन यथावत रहेगा।

3. सहमति पत्र में किसी प्रकार की शर्त (किसी विशेष संस्थान/ब्रांच में आवंटन) स्वीकार नही होगी।

4. अभ्यर्थियो को पूर्व में भरे गये विकल्प पत्र के आधार पर ही उच्च विकल्प पर मेरिट के अनुसार शिफटिंग कर, नई ब्राचं / संस्थान आंवटित कर वेबसाइट पर दिनांक 19.08.2011 तक उपलब्ध करा दी जायेगी। इस हेतु अभ्यर्थियों को अलग से कोई सूचना नही भेजी जायेगी।

5. जो अभ्यर्थी सहमति पत्र जमा नहीं करवायेगें उन्हें Upward Movement की प्रक्रिया में सम्मिलित नहीं किया जायेगा।

6. सहमति पत्र डाक द्वारा नही भेजे। केवल निम्न मे से किसी एक नोडल केन्द्र पर ही व्यक्तिगत रूप से दिनांक 17.08.2011 सांय 5.00 बजे तक जमा करवाये।

नोडल केन्द्र :

राजकीय महिला पॉलिटेक्निक महाविद्यालय, सांगानेर, राजकीय महिला पॉलिटेक्निक, उदयपुर एवं आर.पी.ई.टी. – 2011 कार्यालय, प्राविधिक शिक्षा मण्डल, राजस्थान, जोधपुर

नोडल केन्द्रो पर सहमति पत्र जमा करवाने की अन्तिम तिथि 17–08–2011 को सांय 5.00 बजे तक

सहमति पत्र

(आर्किटेक्चर के अभ्यर्थी हेतु)

समन्वयक,
आर.पी.ई.टी.–2011
प्राविधिक शिक्षा मण्डल, राजस्थान, जोधपुर

विषयः– आर्कीटेक्चर मे प्रवेश के लिए पूर्व में दिये गये विकल्प पत्र के अनुसार उच्च विकल्प पर मेरिट के अनुसार Upward Movement हेतु।

महोदय,

निवेदन है कि मेरे द्वारा पूर्व में दिये गये विकल्प पत्र (Option Form) एवं मेरिट के अनुसार आंवटित संस्थान व ब्रांच में दिनांक .... को प्रवेश ले लिया है / मेरे विकल्प पत्र एवं मेरिट अनुसार कोई आंवटन नही हुआ (Choices Exhausted) है । संस्थानों में रिक्त रही सीट (Drop out seat) पर मैं पूर्व में भरे गए विकल्प पत्र के उच्च विकल्प पर मेरिट के अनुसार Shifting करवाने में इच्छुक हूँ एवं इस हेतु अपनी सहमति प्रदान करता / करती हूँ। मैंने इस Shifting हेतु आप द्वारा जारी दिशा–निर्देशों का भली–भांती अध्ययन कर लिया है एवं मुझे किसी प्रकार की कोई संशय तथा कोई आपत्ति नहीं हैं। उच्च विकल्प पर मेरिट अनुसार Shifting पश्चात मुझे यदि किसी अन्य संस्थान/ब्रांच में आंवटन किया जाता है तो मैं आंवटित संस्थान/ब्रांच में निर्धारित तिथि तक निश्चित रूप से रिर्पोट कर दूंगा / दूंगी ।
उच्च विकल्प पर मेरिट अनुसार Shifting पश्चात मुझे उच्च विकल्प का आंवटन होता है तो मेरा वर्तमान आंवटन स्वतः रद्ध समझा जावे ।

मै इस संदर्भ में जारी दिशा निर्देशों को भलीभांति सोच समझकर यह सहमति पत्र भर रहा/रही हूँ। नई संस्थान/ब्रांच में रिपोर्ट करने मे मुझे किसी प्रकार की आपत्ति नहीं होगी।

मेरा विवरण निम्नानुसार है :–

1. नाम .... पिता का नाम ....
   माता का नाम .... जन्म तिथि ....
2. NATA-2011 रोल नम्बर ....
3. आंवटित संस्थान एवं ब्रांच जहां रिपोर्ट किया ....
4. शुल्क रसीद संख्या .... दिनांक ....

नोट : क्रमांक 3 व 4 Choices Exhausted की स्थिति में लागू नही है ।

मैं शपथ पूर्वक बयान करता हूँ कि उपरोक्तानुसार मेरे द्वारा दिया गया विवरण पूर्णतया सत्य है ।

दिनांक ....   अभ्यर्थी के हस्ताक्षर

स्थान ....   नाम ....

प्रमाणित किया जाता है कि यह फोटो अभ्यर्थी की है तथा
अभ्यर्थी द्वारा हस्ताक्षर मेरे समक्ष किये गये है ।

Photograph of candidate to be attested by Gazatted Officer

दिनांक ....   हस्ताक्षर राजपत्रित अधिकारी मय मोहर

स्थान ....   नाम ....

नोट : अभ्यर्थी को अपने हस्ताक्षर राजपत्रित अधिकारी से प्रमाणित करवाने आवश्यक है । सहमति पत्र में किसी प्रकार की शर्त (किसी विशेष संस्थान/ब्रांच में आवंटन) स्वीकार नही होगी